# शिक्षकों की समस्याओं व सदस्यता अभियान पर चर्चा की



राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा जालोर की संयुक्त बैठक जिला अध्यक्ष हीरसिंह राठौड़ की अध्यक्षता एवं संभाग संयुक्त मंत्री दीप सिंह देवल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा जालोर की संयुक्त बैठक को जिला अध्यक्ष हीरसिंह राठौड की अध्यक्षता एवं संभाग संयुक्त मंत्री दीप सिंह देवल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई।

जिला मंत्री कपूर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि बैठक के दौरान उपशाखा वार सदस्यता पंजिका वितरित कर प्रदेश द्वारा आवंटित लक्ष्य शत प्रतिशत प्राप्त करने हेतु संकुल वार टीम गठित करने व प्रत्येक उपशाखा के लिए प्रवासी कार्यकर्ता तय करने का निर्णय लिया गया। सदस्यता अभियान प्रभारी दीप सिंह देवल ने बताया कि 27 अप्रैल को उपशाखा की बैठक कर संकुल वार सदस्यता पंजिकाओं का वितरण किया जाना है। सदस्यता अभियान 1 से 14 मई तक चलेगा। बैठक में प्रत्येक उपशाखा द्वारा नव वर्ष प्रतिपदा और सामाजिक समरसता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा की गई। 28 एवं 29 जून को गोगामेडी हनुमानगढ में आयोजित होने वाले प्रदेश महासमिति अधिवेशन के लिए अपेक्षित सदस्यों को अधिवेशन में भाग लेने का आ ान किया गया। बैठक में उपस्थित शिक्षक सदस्यों द्वारा विभिन्न शिक्षक समस्याओं पर चर्चा व समाधान की मांग की गई I जिसमें 2006 में नियुक्त कार्मिकों एवं 2008 में नियुक्त प्रबोधको की वेतन विसंगति के निवारण, ग्रीष्मकालीन अवकाश वेतन के लिए नो अपील जारी करने, लंबित स्थाईकरण, तृतीय श्रेणी अध्यापकों की पदोन्नति वरिष्ठता सूची जारी करने, प्रबोधको के पदोन्नति आदेश जारी करने,शिक्षक भर्ती 2012 का सही वरिष्ठता निर्धारण करने सहित अन्य शिक्षक समस्याओं के संबंध में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावत, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मुनेश कुमार मीना,जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक भेराराम चौधरी से 23 अप्रैल को वार्ता करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में संभाग संयुक्त मंत्री रेखा राठौड, संरक्षक नारायण सिंह राठौड, संगठन मंत्री शैतान सिंह राजपुरोहित, महिला संगठन मंत्री उर्मिला भाटी, जिला सह संगठन मंत्री गणपत सिंह मंडलावत एवं नरेंद्र कुमार बोहरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष दलपत सिंह देवल, उपसभा अध्यक्ष कमलेश कुमार, कोषाध्यक्ष नाथा राम भाटी, सायला ब्लॉक अध्यक्ष हडमता राम गर्ग, जालौर ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह, अंबिका प्रसाद तिवारी श्री राम शर्मा, मूलाराम सुथार, ललित कुमार दवे, मुकेश कुमार सुन्देशा,विक्रम सिंह,नरेश कुमार बामणिया रघुवीर सिंह मौजूद रहे। अंत में कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापन किया गया।

## पैकेजिंग यूनिट पर 4164 लीटर पानी की बोतलें जब्त की

**पाली**, (नि.सं.)।प्रदेशभर में गीष्मकालीन विशेष अभियान में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत मिलावट खोरो के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही को अंजाम देते हुये पाली खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक पानी पैकेजिग यूनिट कैलाश एक्वा पुनायता पर कार्यवाही की। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुईटे के निर्देशन में मिलावट पर वार करते हुये खाद्य सुरक्षा टीम ने पुनायता जोधपुर रोड स्थित पर कार्यवाही कर 04 पानी के नमूने लेकर जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भिजवाये गये।

अभिहीत अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विकास मारवाल ने बताया की पानी पैकेजिग यूनिट में आईएसआई का सर्टीफिकेट एवं पानी रिपोर्ट नही मिली। जो की भारतीय खाद्य मानक अधिनियम 2006 व विनियम 2011 के नियमो का उल्लंघन पाया गया, जिस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेशचन्द्र शर्मा एवं दिलीप सिहं यादव मय टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये फर्म से पानी के नमूने लेकर खाद्य प्रयोगशाला जोधपुर भिजवाये गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर कार्यवाही की जायेगी। एक लीटर पानी की 4164 बोतलो को जब्त कर जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक बिक्री नहीं करने के निर्देश दिये गये। गीष्मकालीन विशेष अभियान 2 मई तक जारी रहेगा। कारवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप सिंह यादव, सुरेशचन्द्र शर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर ओम प्रकाश प्रजापत मौजूद रहे।

# मारू कुम्हार समाज की निर्देशिका का विमोचन




जालोर में मारू प्रजापत समाज परिवार विवरण निर्देशिका का विमोचन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। मारू कुम्हार समाज की परिवार विवरण निर्देशिका प्रथम संस्करण 2025 का विमोचन समाज की मौजूदगी में शनिवार को जालोर शहर के कुम्हारों की फलानी पर स्थित श्री राधे कृष्ण मंदिर में हुआ।

निर्देशिका के संपादक महेन्द्र राठौड ने बताया कि निर्देशिका में समाज बंधुओ के नाम, पते एवं मोबाइल नंबर के साथ-साथ समाज उपयोगी कई बातों को विस्तृत रूप से बताया गया है। निर्देशिका के सफल प्रकाशन के लिए राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, जालोर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी, मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार जोगेश्वर गर्ग ने शुभकामना संदेश दिया है। निर्देशिका समाज उत्थान में एवं समाज विकास में उपयोगी साबित होगी । नए नवाचार के माध्यम से समाज के प्रत्येक बंधु को जानकारी उपलब्ध करवाने का सार्थक प्रयास किया गया है।

इस दौरान समाज के शिवलाल देवडा, चंपालाल देवडा, मंगलाराम सियोटा, वीरमाराम पोणेचा, जीवाराम पोणेचा, मोहनलाल देवडा, किशोर देवडा, खेताराम टांक, लादूराम परिहार, सकाराम चांदोरा, हिमताराम देवडा, सोहनलाल राठौड, मूलाराम देवडा, उत्तम देवडा, पुखराज, भगवानराम, यशवंत, बाबूलाल, अमृत, रणछोड, विपुल, नेनाराम, सूजाराम एवं पुजारी उत्तम वैष्णव सहित कई जने मौजूद रहे।

# कक्षा प्रथम के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत




केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 वायुसेना जोधपुर में कक्षा पहली के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए विद्या प्रवेश समारोह का आयोजन किया।

**जोधपुर**, (का.सं.)। शनिवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1, वायुसेना, जोधपुर में कक्षा पहली के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए विद्या प्रवेश समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्याध्यापक आर. आर. आज़ाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ शिक्षिका कोमल तनेजा द्वारा प्रारंभिक शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायक वक्तव्य से हुआ। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रयोगशाला है। बच्चों का उज्ज्वल भविष्य अभिभावकों और शिक्षकों के सामूहिक सहयोग से ही सुनिश्चित किया जा सकता है।

समारोह के अंत में सभी नव प्रवेशित विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि, प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथि मुख्याध्यापक ने ताज पहनाकर तथा उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया, जिससे नव प्रवेशित विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

## मदद के बहाने ए.टी.एम. कार्ड बदला,रुपए निकाले

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में एक युवक के साथ ए.टी.एम. कार्ड बदलकर ठगी का मामला सामने आया है। मदद करने के बहाने एक व्यक्ति ने युवक का ए.टी.एम.कार्ड बदल दिया। बाद में उसकी पत्नी के खाते से 40 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

नगर थाने के भंवरलाल माली ने बताया कि मारूती नंदन नगर नया गांव रोड निवासी महेंद्र कुमार 15 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे अपनी पत्नी शोभा का ए.टी.एम. कार्ड लेकर ज्योतिबा फूले तिराहे पर स्थित ए.टी.एम. पर रुपए निकालने गया था। इसी दौरान एक युवक में आया और महेंद्र को बताया कि उनका कार्ड सही नहीं लग रहा है। मदद करने के बहाने उसने कार्ड बदल दिया और कार्ड काम नहीं करने की बात कहकर वहां से चला गया। बाद में किसी दूसरे से उसने 40 हजार रुपए निकाल लिए। महेंद्र को मोबाइल पर मैसेज आने पर घटना का पता चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रहलाद मोदी ने बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन किए



पोकरण के पास रामदेवरा में बाबा रामदेव समाधि के दर्शन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाई प्रहलाद भाई मोदी ने किये। फोटो-राष्ट्रदूत

**पोकरण**, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रहलाद भाई मोदी रुणिचा धाम रामदेवरा पहुंचे। रामदेवरा पहुंच कर लोकदेवता बाबा रामदेव समाधि के दर्शन कर देश में अमन -चैन खुशहाली की कामना की।

उन्होंने डाली बाई समाधि के भी दर्शन किए। एक घंटे मंदिर में घूमकर बाबा रामदेव के जीवन चरित्र की जानकारी ली बाबा रामदेव मंदिर समिति द्वारा स्वागत किया। उसके बाद प्रह्लाद भाई मोदी भाजपा नेता प्रेम ओड रामदेवरा के निवास स्थान भी पहुंचे। भाजपा नेता प्रेम ओड के निवास स्थान पर साफा और गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कानसिंह तंवर, मगसिंह तंवर ,चूतरसिंह तंवर, विक्रम सिंह तंवर, भंवर सिंह, भोमाराम ओड, डेरावर सिंह , कल्पेश, सुमित प्रजापत, मनीष सहित कई लोग मौजूद थे।

## बाइकों की भिड़ंत में दो युवक के सिर फटे

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में बीती रात को दो बाइक सवार युवकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया।

रानी थाने के नाडोल चौकी प्रभारी जाकीर अली ने बताया-हादसा शुक्रवार देर शाम को नाडोल के किशनपुरा रोड विश्व भारती स्कूल पास हुआ। इस हादसे में देसूरी के रामपुरा ढाणी निवासी बाबूलाल देवासी और दूसरी बाइक पर सवार पांचेटिया (नाडोल) निवासी गोविंद पुत्र पोलाराम गंभीर घायल हो गए। जिन्हें नाडोल हॉस्पिटल से प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। गोविंद को परिजन देर रात को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जोधपुर रेफर किया। वही बाबूलाल देवासी को उसके परिजन निजी हॉस्पिटल ले गए।

इस हादसे में दोनों की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। जिसे पुलिस ने चौकी परिसर में रखवाया।

# 'रक्षा, कृषि व जल संरचना में बाबा साहब का अहम योगदान'

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर ना ही सिर्फ़ भारत के संविधान निर्माता के रूप में पहिचाने जाते है बल्कि उनका रक्षा, क्रषि व जल संशोधनों आदि के विकास में भी योगदान रहा है। उनका जीवन बचपन से ही संघर्ष शील रहा व और वह देश विदेश में शिक्षा ठाहण कर भारत को एक नई दिशा दी। यह बात आज अनुसूचित जाति- जन जाति व भाजपा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भाजपा कार्यालय में कही।

शेखावत ने कहा की बाबा साहब को कांठोस ने अपमानित किया, संसद में जाने से रोका व उनको वह कभी सम्मान नहीं दिया जिसके वो हक़दार थे जबकि मोदी सरकार ने उनके सम्मान में पंचतीर्थ नाम से दर्शनीय स्थल बना कर सम्मान दिया।इससे पूर्व बाबा साहब अंबेडकर सम्मान पखवाड़ा के तहत भाजपा ज़िलाध्यक्ष दलपत हिंगड़ा ने भी संबोधित किया। ज़िला सयोजक सुशील व्यास ने कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की व धन्यवाद निवर्तमान ज़िलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शारदा ने दिया।

मीडिया प्रभारी बाबू लाल शर्मा ने बताया की आज के कार्यक्रम में जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी, पोकरण विधायक प्रताप पूरी महाराज, पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह भाटी, सांग सिंह भाटी व शैतान सिंह राठौड़, ज़िला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी, ठा. विक्रम सिंह नाचना, ज़िला पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निरीक्षण किया

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली द्वारा रिद्धी सिद्धी सेवा संस्थान द्वारा संचालित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह, रामासिया की विजिट की गई। सचिव भाटी द्वारा आश्रम में भोजन-पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पुनर्वास करने की प्रक्रिया इत्यादि के संबंध में जानकारी ली। दौराने विजिट रसोई की सफाई, कमरों की सफाई, स्नानघर एवं शौचालयों की साफ-सफाई, मौसम के अनुकूल व्यवस्था उचित पाई गई। पुनर्वास गृह में बालकों को संतुलित पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाया जाता है।

## उम्मेदाबाद में पोस्ट ऑफिस के नालियां अवरूद्ध, लोग परेशान

**सायला**, (निसं)। निकटवर्ती उम्मेदाबाद में पोस्ट ऑफिस के आगे गन्दे पानी की निकासी नहीं होने से नालियों का गन्दा पानी व कीचड़ आम रास्ते में जमा रहा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत उम्मेदाबाद द्वारा कई वर्षों पहले पोस्ट ऑफिस के आगे नालियां बनाई गई थी। जो अब क्षतिग्रस्त होकर अवरूद्ध हो गई है। साथ ही लम्बे समय से नालियों की सफाई भी नही हुई है। जिसके चलते नालियों का गन्दा पानी आम रास्ते में जमा हो गया है तथा गन्दे पानी के भराव के कारण मार्ग में कीचड हो गया है। जिससे पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों एवं कार्यालय संबंधित कार्य के लिए आने वाले लोगों, स्कूली विद्यार्थियों एवं व्यापारियों को गन्दे पानी और कीचड से होकर गुजरना पड रहा है। कई बार राहगीर गन्दे पानी में फिसलकर गिर जाते है। गन्दे पानी के भराव में मच्छर पनपने से बीमारियों का भय है।

धीरज यति, ग्रामीण उम्मेदाबाद का कहना है कि पोस्ट ऑफिस के आगे नालियों की सफाई नही होने से गन्दा पानी एवं कीचड रास्ते में जमा हो गया है। जिससे पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों और यहां से आने जाने वाले लोगों को गन्दे पानी से गुजरना पड रहा है।

दिनेश बिश्नोई, ग्राम विकास अधिकारी उम्मेदाबाद के अनुसार पोस्ट ऑफिस के आगे नाली अवरूद्ध हो गई है। सफाई कर्मचारियों को निर्देश देकर शीघ्र ही नाली की सफाई करवाता हूं और गन्दे पानी की समुचित निकासी के लिए प्रबंध किया जाएगा।

## बसपा का अभियान

**सायला**, (निसं)। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में बसपा चली गांवो की ओर अभियान के तहत केंद्रीय प्रभारी सीपी सिंह, प्रदेशाध्यक्ष प्रेम बारुपाल, जोन प्रभारी हिम्मत कुमार डांगी एवं एडवोकेट सुखराम बोस की उपस्थिति मे जालोर विधानसभा के सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का दादाल ग्राम में आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सीपी सिंह ने बताया की कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड की हड्डी होता है। जिसके सहारे पार्टी सफलता तक पहुंचती है। जिलाध्यक्ष एडवोकेट मोहन पोषाना ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

अजयभाई चौधरी, सुमेरसिंह करोला, लक्ष्मण कालमा, तलसाराम मेघवाल, सामतीराम पटेल, ओटाराम वीराना, तलेश चौहान, घेवाराम उम्मेदाबाद, ओमप्रकाश चौहान, रेवाराम सुराना, कैलाशसिंह, रमेश कुमार विराश, जैसाराम जेसावास, जयसिंह दामण आदि मौजूद रहे।

## स्वागत किया

**रेवदर**, (निसं)। जालोर जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के आज रेवदर में प्रथम बार आने पर विप्र फाउंडेशन रेवदर द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान विप्र फाउंडेशन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण दवे, प्रदेश महामंत्री अरविन्द पुरोहित, जिलाउपाध्यक्ष पुखराज पालीवाल,, रणजीतसिंह राजपुरोहित, किशोरसिंह राजपुरोहित, राजेंद्रसिंह राजपुरोहित, मनीष सहित विप्र फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित रहे।

## समय में बदलाव

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव एवं जिला कलक्टर टीना डाबी के निर्देशानुसार बाड़मेर जिले में हीटवेव की स्थिति को देखते हुए समस्त आंगनवाडी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव करते हुए अठिम आदेश तक आंगनबाड़ी केन्द्रों का समय प्रातः 8 से 11 बजे तक किया गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक प्रहलादसिंह राजपुरोहित ने बताया कि बाड़मेर जिले में तत्काल प्रभाव से अठिम आदेशों तक आंगनवाडी केंद्रों का संचालन समय प्रातः 8 बजे से प्रातः 11 बजे तक रहेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त आंगनवाडी केन्द्रों पर मानदेय कर्मी निर्धारित समय में नियमित रूप से आंगनवाडी केन्द्रों के संचालन संबंधी गतिविधियों को यथावत संपादित करेंगे।

## रणजीत माल्या ने रक्तदान किया

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। राजकीय अस्पताल में भर्ती मरीज चेतन राम की प्लेटलेट्स की अत्यधिक कमी होने पर जब एसडीपी डोनर की आवश्यकता पड़ी, तो परिजनों ने तुरंत ब्लड ग्रुप चेक करवाया। हालांकि ब्लड ग्रुंप तो मैच हुआ, लेकिन एसडीपी डोनेशन के लिए कोई भी फिट नहीं पाया गया।

मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए ब्लड बैंक स्टाफ में कार्यरत रणजीत माल्या ने ड्यूटी के दौरान ही अपनी जिम्मेदारी और मानवता का परिचय देते हुए ए पॉजिटिव एसडीपी का सफल दान किया। रणजीत माल्या कोई आम रक्तदाता नहीं हैं । वे अब तक 52 बार ब्लड डोनेट कर चुके हैं और हमेशा ज़रूरत पड़ने पर ऑन कॉल सेवा देने के लिए तत्पर रहते हैं। उनका मानना है कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं, यह स्वस्थ व्यक्ति के लिए सेवा और ज़रूरतमंद के लिए जीवन रेखा है।

ब्लड बैंक के डॉ. महेश कुमार, डॉ. गोपाल चौधरी, सीनियर लैब टेक्नीशियन ओमप्रकाश जांगिड़, घनश्याम सिंह, सुरेन्द्र सिंह राठौड़, रायचंद चौधरी, देवेंद्र कुमार, संजय आचार्य व मरीज के परिजनों ने माल्या जी का आभार व्यक्त किया।

# मांगीलाल मुणोत अध्यक्ष व रिखबचंद धारीवाल मंत्री बने



गुरु पुष्कर जैन साधना केन्द्र संस्थान पाली की नई कार्यकारिणी की घोषणा कोयंबतूर में उपप्रवर्तक दक्षिण सम्राट नरेश मुनि, शालीभद्र, साध्वी दर्शनप्रभा के सानिध्य में हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। श्री गुरु पुष्कर जैन साधना केन्द्र संस्थान पाली की नई कार्यकारिणी की घोषणा आज कोयंबतूर में उपप्रवर्तक दक्षिण सम्राट नरेश मुनि, शालीभद्र, साध्वी दर्शनप्रभा के सानिध्य में हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री गुरु पुष्कर जैन साधना केन्द्र संस्थान के मंत्री केवलचंद कवाड़ ने बताया कि इसमें अध्यक्ष मांगीलाल मुणोत, कार्यकारी अध्यक्ष कांतिलाल छाजेड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लालचंद मेहता, उपाध्यक्ष जवरीलाल बाफना, मंत्री रिखबचंद धारीवाल, सहमंत्री दिनेश नाहर, कोषाध्यक्ष अमरचंद संचेती, सह कोषाध्यक्ष गौरव संचेती को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य तिलोकचंद गोलेछा, केवलचन्द कवाड़, गौतमचंद भंसाली, सुरेश गांधी, अशोक कवाड़, सुनील कवाड़, राजमल कवाड़, किशोर मेहता, ललित मेहता, रायचंद कवाड़, सलाहकार सुकनराज संचेती, गौतमचंद कवाड़, सज्जनराज धारोलिया को बनाया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मोढा, पं.स. फतेहगढ़**

क्रमाक: प्रापरू/संस्थापन/2025-26/27 दिनांक: 13.04.2025

**ई- निविदा सूचना संख्या 01/2025-26**

ग्राम पंचायत मोढा में वित्तीय वर्ष 2025-26 में महात्मा गांधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित अन्य विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए उपयोग में ली जाने वाली सामग्री हेतु सामग्री आपूर्ति वार्षिकी दर संविदा पर क्रय करने हेतु वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो/ फर्मो से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो कि https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB CODE: PFT2526A0006
BID/UBN: PFT2526GLOB00006

सरपंच/ ग्राम विकास अधिकारी,
ग्राम पंचायत मोढा, पं.स. फतेहगढ

**कार्यालय ग्राम पंचायत रायपुरिया पंचायत समिति, जालोर**

क्रमांक/ग्रापंरा/2025-26/28 दिनांक: 16/04/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26**

ग्राम पंचायत रायपुरिया मे वित्तीय वर्ष 2025-26 का शेष की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण स्रमगी एवं उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो / संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है ।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत, रायपुरिया
पंचायत समिति जालोर

NIB No. - ZJR2526A0072
UBN No. - ZJR2526GLOB00089

सरपंच/ प्रशासक
ग्राम पंचायत,रायपुरिया
पंचायत समिति जालोर